जेईई मेन परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया अपना बेहतर प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, गुरुग्रामः साइबर सिटी के विद्यार्थियों ने जेईई मेन की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। शहर के अमोध बंसल ने 99.99 पर्सेंटाइल लेकर हरियाणा में टाप किया। सुपर-100 के तहत जेईई और नीट की तैयारी कर रहे गुड़गांव के रोहित को 99.43 पर्सेंटाइल प्राप्त हुए।

इसके अलावा कौशतव ने 99.83, प्रणव गुप्ता ने 99.68, अर्जुन ने 99.2, अर्श जैन ने 98.94, रिषभ ने 98.89, काश्वी ने 98.06, जयवर्धन ने 97.99, आदित्य ने 97.76, सिद्धार्थ ने 97.55, खुशी ने 97.4 और नवंश ने 96.26 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। परीक्षा का परिणाम आते ही विद्यार्थी एडवांस्ड की तैयारी में जुट गए हैं। मंगलवार देर शाम को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन का परिणाम घोषित किया। जिले के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। अध्यापकों ने विद्यार्थी को बधाई दी।

अर्श जैन

रोहित

सुपर-100 योजना के तहत पढ़ रहे बच्चों को मिली कामयाबी

जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र ने बताया कि सुपर-100 योजना के तहत तैयारी कर रहे एक विद्यार्थी रोहित की जेईई मेन में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। यह विद्यार्थी सुपर-100 टाप स्कोरर में शामिल हुआ है। योजना के तहत रेवाड़ी में बने केंद्रों से पढ़ाई कर रहा है और आइआइटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा सत्यम यादव ने 96.78 पर्सेंटाइल, संगम ने 92.46, अभय प्रताप ने 92.41, साजिद ने 91.21, शिवम ने 91.00, नमरिता ने 89.41 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं।